# महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र

(भा.कृ.अनु.प. - कृषि तकनीकीअनुप्रयोगअनुसंधान संस्थान कानपुर)

चौकमाफी, पीपीगंज, गोरखपुर (उ०प्र०)-273165

## समाचार – पत्रिका


| अंक-08 | अगस्त, 2021 |
|---|---|



**प्रो. उदय प्रताप सिंह**

उपाध्यक्ष, प्रबन्ध समिति

गुरु गोरक्षनाथ सेवा संस्थान

गोरखनाथ, गोरखपुर


### संदेश

वर्तमान समय में कृषि उत्पादन लागत को कम करने एवं गुणवत्तायुक्त अधिक उत्पादन प्राप्त करने हेतु यह आवश्यक है कि कृषकों तक नवीनतम कृषि अनुसंधान एवं कृषि तकनीकियों को पहुँचाया जाए। महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र, चौकमाफी, पीपीगंज, गोरखपुर इन नवीनतम तकनीकियों को निरंतर कृषकों तक पहँचाने में तत्पर हैं जिससे कृषकों का आर्थिक एवं सामाजिक स्तर सुधारा जा सके।

महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा प्रकाशित मासिक न्यूज लैटर का यह अंक केन्द्र द्वारा किए गए एवं किए जाने वाले कार्यों के साथ-साथ नवीनतम कृषि तकनीकियों का प्रसार गांव-गांव एवं घर-घर पहुँचेगा, जो सभी वर्ग के किसानों के लिए लाभप्रद होगा।

(उदय प्रताप सिंह)

### महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र
### *एक नजर में*




कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना कृषि एवं संबंधित विषयों की नवीनतम तकनीकों के स्थानांतरण एवं प्रसार द्वारा जनपद के सर्वांगीण विकास हेतु गुरु गोरक्षनाथ सेवा संस्थान के नियंत्रण में गोरक्षपीठाधीश्वर पूजनीय महंत श्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज द्वारा की गई। इस केन्द्र का शिलान्यास 23 अक्टूबर 2016 एवं उद्घाटन 2 मार्च 2019 को तत्कालीन केंद्रीय मंत्री कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार श्री राधा मोहन सिंह जी के द्वारा किया गया। यह केंद्र भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, कानपुर द्वारा वित्तपोषित है। यह केन्द्र गोरखनाथ की पवित्र धरती पर स्थापित होने की वजह से इस केंद्र का पूरा नाम महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र रखा गया। यह केन्द्र गोरखपुर जनपद से 35 किलोमीटर दूरी पर गोरखपुर – सोनौली मार्ग पर पीपीगंज रेलवे स्टेशन से 8 किलोमीटर दूरी पर (अक्षांश 26.929971, देशांतर 83.240244) पीपीगंज – बढ़या चौक मार्ग पर स्थित है। कृषि विज्ञान केन्द्र के पास 20.56 हेक्टेअर का प्रक्षेत्र है जिस पर प्रमुख रुप से गेहूँ, धान, सरसो, चना, तिल, गन्ना, अरहर इत्यादि फसलों का बीज उत्पादन किया जाता हैं।

## महाययोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र, गोरखपुर द्वारा अगस्त, 2021 में किये गये कार्य

### 1. प्रशिक्षण कार्यक्रम

| फसल/उद्यम का शीर्षक | प्रशिक्षण की सं. | लाभार्थी संख्या |
|---|---|---|
| क) कृषक एवं महिला कृषकों हेतु प्रशिक्षण | 02 | 43 |
| ख) नवयुवक नवयुवतियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम | 01 | 20 |

### 2. अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन

| फसल/उद्यम का शीर्षक | क्षेत्रफल हे०/ सं० | लाभार्थी संख्या |
|---|---|---|
| क) SC SP परियोजना के अंतर्गत सब्जी बीज का प्रदर्शन (किचन गार्डन) | 10 | 1000 |

### 3. प्रक्षेत्र परीक्षण

| शीर्षक | संख्या लाभार्थी |
|---|---|
| क) धान फसल में संतुलित उर्वरक एवं जैव उर्वरको का प्रयोग | 05 |
| ख) मूंगफली में खरपतवार नियंत्रण हेतु पोस्ट एमरजेंस (इमेजाथायपर 10% SL) खरपतवारनाशी दवा का मूल्यांकन | 05 |
| ग) मिर्च फसल में ग्रोथ हारमोंस का प्रभाव | 05 |

### 4. प्रसार गतिविधियां

| शीर्षक गतिविधियां | संख्या | लाभार्थी |
|---|---|---|
| क) वैज्ञानिकों का कृषक प्रक्षेत्र पर भ्रमण | 18 | 28 |
| ख) कृषकों का कृषि विज्ञान केन्द्र पर भ्रमण | 46 | 46 |
| ग) मोबाइल सलाह | 17 | सामूहिक |
| घ) समाचार पत्र प्रकाशन | 16 | सामूहिक |

## प्रक्षेत्र परीक्षण

❖ श्री अवनीश कुमार सिंह, सस्य विज्ञान विशेषज्ञ द्वारा प्रक्षेत्र परीक्षण के अंतर्गत ग्राम राखुखोर एवं बादशाहपुर में चयनित 5 कृषको को मूंगफली में खरपतवार नियंत्रण हेतु पोस्ट एमरजेंस (इमेजाथायपर 10% SL) खरपतवारनाशी दवा पर परीक्षण किया गया।



# प्रक्षेत्र भ्रमण

❖ डॉ. अजीत कुमार श्रीवास्तव, उद्यान विशेषज्ञ द्वारा दिनांक- 12/08/2021 को विकास खंड जंगल कोडिया के गाँव चौकमाफी के किसानो के प्रक्षेत्र पर भ्रमण किया गया । इसी के साथ ही साथ उनकी पपीता के पेड़ एवं गुड़हल के पौधो का अवलोकन किया और पाया गया की पोषक तत्व की कमी के कारण बढवार नहीं थी । एन. पी. के. 18:18:18 का 20-25 ग्राम प्रति पेड़ प्रयोग करने हेतु सलाह दिया गया था ।




❖ श्री अवनीश कुमार सिंह, सस्य विज्ञान विशेषज्ञ, डॉ विवेक प्रताप सिंह, पशुपालन विशेषज्ञ एवं डॉ राहुल कुमार सिंह, प्रसार विशेषज्ञ द्वारा लोहारपुरवा (कैम्पियरगंज) में अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के अंतर्गत दिए गये धान (सांभा सब 1) का प्रक्षेत्र भ्रमण किया गया ।




❖ डॉ. विवेक प्रताप सिंह पशुपालन विशेषज्ञ द्वारा चेतरिया (भरोहिया), भौराबरी (कैम्पियरगंज) में नवोदित मछली पालक कृषक प्रक्षेत्र पर भ्रमण कर मछली पालन पर कार्य कर रहे कृषको को मछली पालन में आ रही समस्या का समाधान किया गया ।




❖ IARI-CATAT एवं MGKVK के बीच विवो पार्टनर्स स्कीम के तहत दिनांक 23/08/2021 को दयाराम, गाँव- बंटीकुला के प्रक्षेत्र पर धान की प्रजाति- पूसा सुगंध-5 पर चल रहे प्रदर्शन का निरीक्षण केंद्र के प्रसार विशेषज्ञ डॉ. राहुल कुमार सिंह द्वारा किया गया तथा प्ररोह भेदक कीट नियंत्रण हेतु जानकारी दिया गया । इस अवसर पर केंद्र के सस्य विज्ञान विशेषज्ञ अवनीश सिंह भी उपस्थित रहे ।




❖ IARI-CATAT एवं MGKVK के बीच विवो पार्टनर्स स्कीम के तहत दिनांक 23/08/2021 को रमेश सिंह, गाँव - बंटीकुला के प्रक्षेत्र पर धान की प्रजाति- पूसा सुगंध-5 पर चल रहे प्रदर्शन का निरीक्षण केंद्र के प्रसार विशेषज्ञ डॉ. राहुल कुमार सिंह द्वारा किया गया तथा स्टेम बोरर कीट के नियंत्रण हेतु क्यूनालफास 25% ई.सी. 2.5 मिली./ लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करने हेतु सलहा दिया गया था । इस अवसर पर केंद्र के सस्य विशेषज्ञ श्री अवनीश सिंह भी उपस्थित रहे ।



❖ उप कृषि निदेशक की अध्यक्षता में कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रायोजित SREP की बैठक दिनांक 24/08/2021 को आयोजित हुई केंद्र के अध्यक्ष सहित पांच विषय वस्तु विशेषज्ञ ने प्रतिभाग किया एवं अपने क्षेत्र से सम्बन्धित विषय पर सुझाव दिया गया।





❖ डॉ. संदीप प्रकाश उपाध्याय, मृदा विशेषज्ञ एवं डॉ. अजीत कुमार श्रीवास्तव, उद्यान विशेषज्ञ द्वारा दिनांक- 31/08/2021 को प्रक्षेत्र परीक्षण शीर्षक "धान में संतुलित उर्वरक एवं जैव उर्वरको" के सहभागी किसानो के प्रक्षेत्र पर भ्रमण किया गया तथा जल एवं खरपतवार प्रबंधन के साथ अन्य आवश्यक जानकारी दी गयी।



## कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम

❖ डॉ. अजीत कुमार श्रीवास्तव, उद्यान विशेषज्ञ एवं डॉ. संदीप प्रकाश उपाध्याय, मृदा विशेषज्ञ द्वारा दिनांक- 06/08/2021 को किसानो को "आय दोगुनी करने हेतु लहसुन एवं प्याज की, गन्ने की फसल में सहफसली खेती" विषय पर चरगावा विकास खण्ड के ग्राम कृतपुरा पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही साथ कृषक उत्पादन संगठन एवं मृदा जाच आदि पर जानकारी दी गयी और सब्जी बीज किट भी SC-SP के अन्तर्गत वितरित किया गया।



❖ कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रायोजित विकास खंड स्तरीय खरीफ गोष्ठी का आयोजन दिनांक- 11/08/2021 को ग्राम सोनवे ढोल बजवा विकास खंड खोराबार में किया गया जिसमे केंद्र के डॉ. अजीत कुमार श्रीवास्तव, उद्यान विशेषज्ञ द्वारा लहसुन एवं प्याज की गन्ने की फसल में सहफसली खेती विषय पर एवं श्रीमती श्वेता सिंह, गृह विज्ञान विशेषज्ञ द्वारा अनाजो के मूल्य सवर्धन विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। कृषि विभाग के अधिकारियो एवं कर्मचारियों सहित लगभग 80 कृषको ने प्रतिभाग किया।




❖ श्री अवनीश कुमार सिंह, सस्य विज्ञान विशेषज्ञ द्वारा दिनांक 19/08/2021 को भौराबारी (कैम्पियरगंज) में धान में खरपतवार नियंत्रण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमे कुल 20 कृषको ने प्रतिभाग किया।



- डॉ. विवेक प्रताप सिंह, पशुपालन विशेषज्ञ द्वारा दिनांक 26-27 एवं 31/08/2021 तक केंद्र पर समेकित कृषि प्रणाली विषय पर पर नवयुवक नवयुवतियों हेतु तीन दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम कराया गया जिसमे कुल 20 कृषको ने प्रतिभाग किया।




- रोजगारपरक "मालीगिरी प्रशिक्षण" कार्यक्रम का शुभारम्भ केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ संदीप कुमार सिंह द्वारा दिनांक 26/08/2021 को किया गया । कार्यक्रम समन्वयक डॉ अजीत कुमार श्रीवास्तव के अनुसार इस कार्यक्रम में 10 बेरोजगार युवको को पांच दिवसीय मालीगिरी का प्रशिक्षण दिया जाएगा।




## Formation and promotion of FPOs under KVK – DDUGU MoU

| S. No. | Name of the FPO | CIN No | Address | Concerned BODs with Mob No. | Concerned Scientist with Mob No. | Status of Bank Account |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rapti Farmer Producer Company Ltd. | U01100UP2021PTC141985 | Village- Mirpur, Block-Jungle Kaudiya- 273158 | Sh. Raghvendra Pratap Singh, Mob.- 9792533601 | Dr. Rahul Kumar Singh Mob.- 7007275688 | SBI, Sihorava, Acc. No.- 40260505631 |
| 2. | Gorakhnath Farmer Malour Producer Company Ltd. | U01100UP2021PTC181986 | Village- Malour, Block- Pali- 273209 | Sh. Satya Prakash Singh, Mob.- 9793866166 | Dr. Vivek Pratap Singh Mob.- 7651922058 | Baroda UP Bank, Pali, Acc. No.- 75124988989 |
| 3. | Sanatan Farmer Producer Company Ltd. | U01100UP2021PTC143986 | Village- Dharampur, Block- Campierganj- 273158 | Sh. Vijay Shankar Singh, Mob.- 9721221771 | Dr. Rahul Kumar Singh Mob.- 7007275688 | SBI, Pipiganj, Acc. No.- 40353126739 |
| 4. | Gauraiya Farmer Producer Company Ltd. | U01100UP2021PTC140280 | Village- Alamchak, Block- Campierganj- 273158 | Sh. Kailash Maurya Mob.- 9792347737 | Dr. Rahul Kumar Singh Mob.- 7007275688 | Under Process |
| 5. | Nayagaon Livestock & Agricultural Producer Company Ltd. | U01110UP2021PTC140997 | Village- Nayagaon, Block- Jungle Kaudiya- 273165 | Sh. Sagir Khan Mob.- 9936690000 | Dr. Vivek Pratap Singh Mob.- 7651922058 | Under Process |
| 6. | Gorakshnath Farmer Producer Company Ltd. | U01100UP2021PTC152126 | Nathmalpur, Gorakhnath, Gorakhpur-273015 | Sh. Dewang Shukla, Mob.- 9686877107 | Dr. Sandeep Prakash Upadhyay Mob.- 8887866017 | Under Process |
| 7. | Loharpurva Farmer Producer Company Ltd. | U01100UP2021PTC143179 | Village- Loharpurava, Block- Campierganj- 273158 | Sh. Sitaram Chaurasiya Mob.- 7570850772 | Mr. Avanish Kumar Singh Mob.- 8887866017 | Under Process |

## फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनी

| | |
|---|---|
| दिनांक 09/08/2021 को केंद्र के प्रसार विशेषज्ञ द्वारा एस. बी. आई., पीपीगंज में पहुंचकर सनातन फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनी का कर्रेंट खाता खुलवाने का कार्य सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष भी उपस्थित रहे । |  |

## बीज वितरण कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| डॉ. संदीप प्रकाश उपाध्याय, मृदा विशेषज्ञ एवं डॉ. अजीत कुमार श्रीवास्तव, उद्यान विशेषज्ञ द्वारा दिनांक- 05/08/2021 को SC-SP स्कीम के अंतर्गत ग्राम भुइधर्पुर व भागलपुर ब्लाक भरोहिया एवं ग्राम बरौली ब्लाक चरगांवा के 70 से अधिक किसानो को सब्जी के बीज की मिनी किट का वितरण किचन गार्डन को बढावा देने हेतु किया |  |
| डॉ. राहुल कुमार सिंह, प्रसार विशेषज्ञ द्वारा SC-SP योजनांतर्गत दिनांक 19-08-2021 गाँव- भौराबरी के कैम्पियरगंज ब्लाक में किचेन गार्डन के कीट का वितरण किया गया। इस अवसर पर केंद्र के डॉ. विवेक प्रताप सिंह, पशुपालन विशेषज्ञ एवं अवनीश कुमार सिंह, सस्य विज्ञान विशेषज्ञ भी उपस्थिति रहे । |   |
| डॉ. राहुल कुमार सिंह प्रसार विशेषज्ञ द्वारा SC-SP योजनांतर्गत दिनांक 21-08-2021 गाँव – धर्मपुर के कैम्पियरगंज ब्लाक में किचेन गार्डन के कीट का वितरण किया गया। इस अवसर पर केंद्र के डॉ. विवेक प्रताप सिंह, पशुपालन विशेषज्ञ एवं अवनीश कुमार सिंह, सस्य विज्ञान विशेषज्ञ भी उपस्थिति रहे । |   |
| डॉ. संदीप प्रकाश उपाध्याय, मृदा विशेषज्ञ द्वारा दिनांक- 21/08/2021 को SC-SP स्कीम के अंतर्गत ग्राम अतरौलिया एवं बरगदही ब्लाक भटहट के 45 से अधिक किसानो को सब्जी के बीज की मिनी किट का वितरण पोषण गार्डन को बढावा देने हेतु किया। |   |
| श्री अवनीश कुमार सिंह, सस्य विज्ञान विशेषज्ञ, डॉ विवेक प्रताप सिंह, पशुपालन विशेषज्ञ एवं डॉ राहुल कुमार सिंह, प्रसार विशेषज्ञ द्वारा लोहारपुरवा, सोनौरा बुजुर्ग, सरपतहां, भौराबारी, धर्मपुर (कैम्पियरगंज), तिघरा (भरोहिया) अचियापार (सहजनवा) में SC-SP परियोजना के अंतर्गत कृषको को सब्जी बीज का किट दिया गया। |     |

SC-SP परियोजना के अंतर्गत भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी एवं महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र पीपीगंज द्वारा सब्जियों के बीज का वितरण खोराबार व सरदार नगर में श्रीमती श्वेता सिंह, गृह विज्ञान विशेषज्ञ द्वारा किया गया।





## सितम्बर माह के मुख्य खेती-बाड़ी के कार्य

### फसलोत्पादन एवं प्रबंधन

- 15 सितम्बर तक अगेती सरसों की क़िस्मों जैसे पूसा सरसों – 25, पूसा सरसों - 28, पूसा सरसों – 27 एवं पूसा तारक की बुवाई करें।
- इस माह में सरसों की क़िस्मों जैसे सरसों – 25, पूसा सरसों - 28, पूसा – 27 एवं पूसा की बुवाई करें।
- धान में गंधी कीट के नियंत्रण के लिए इंडोसल्फान 4% धूल या क्यूनालफास 1.5 % धूल की 25 किलोग्राम मात्रा का भुरकाव प्रति हेक्टर की दर से या मोनोक्रोटोफ़ॉस 36 ई.सी. (1.25 लीटर प्रति हेक्टर) का छिड़काव करें।
- धान में पत्ती लपेटक कीट की रोकथाम के लिए क्यूनालफास 25 ई.सी. (2 लीटर प्रति हेक्टर) का छिड़काव करें।

### मृदा विज्ञान

- धान में नाइट्रोजन की दूसरी और अंतिम टॉप ड्रेसिंग बाली बनने के प्रारम्भिक अवस्था (रोपाई के 50-55 दिन बाद में, अधिक उपज की प्रजातियों में प्रति हेक्टेयर 30 किग्रा (65 किग्रा यूरिया) तथा सुगन्धित प्रजातियों में प्रति हेक्टेयर 15 किग्रा (33 किग्रा यूरिया) की दर से करें।
- बाजरा की संकर/ उन्नत प्रजातियों में नाइट्रोजन की शेष आधी मात्रा यानी 40-50 किग्रा (87- 108 किग्रा यूरिया) की टॉप ड्रेसिंग बुवाई के 25- 30 दिन बाद करें।
- ग्लैडियोलस के रोपाई की तैयारी के लिए प्रति वर्गमीटर 10 किग्रा गोबर की खाद/ कम्पोस्ट, 200 ग्राम सिंगल सुपर फॉस्फेट व 200 ग्राम म्यूरेट ऑफ़ पोटाश रोपाई के 15 दिन पूर्व अच्छी तरह मिला दें।
- केले में प्रति पौधा 55 ग्राम यूरिया पौधे से 50 सेंटीमीटर के घेरे में प्रयोग कर हल्की गुड़ाई करके भूमि में मिला दें।
- भूमि में पोषक तत्वों की कमी जानने के लिए मृदा परीक्षण करवा लें तथा भूमि में उर्वरको का प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर करें।

### मौनपालन

- जलभराव की स्थिति में उचित प्रक्षेत्र का चयन कर, मौनवंशों का समय से माईग्रेशन करें।
- मौनगृह के तलपट पर सम्बंधित उपकरणों को पोटैशियम परमैगनेट/ लाल दवा से एक बार धुलाई करें।
- माइट के प्रकोप से बचने के लिए मौनगृह के तलपट की समय-समय पर सफाई करते रहें।
- अत्यधिक पुराने एवं काले पड़ चुके छत्तों को नष्ट कर दें तथा उनकी प्रतिपूर्ति मोमी छात्ताधर लगाकर नए छत्तों का निर्माण कराकर कर लिया जाए ताकि मौनवंशों की गुणवत्ता प्रभावित न हो।
- गतवर्ष की अधिक शहद उत्पादन करने वाले सशक्त मौनवंशों को मात्र मौनवंश की श्रेणी में रखते हुए इनसे मौनवंशों का संवर्धन सुनिश्चित किया जाए।

## पशुपालन

- ❖ मुँहपका तथा खुरपका का टीका लगवायें।
- ❖ जिन पशुओ को एच.एस. तथा बी.क्यू. का टीका नही लगा है उन्हें नजदीक के पशु चिकित्सा केन्द्र या स्थानीय पैरावेट से टीका लगवायें।
- ❖ पशुओं को अन्त:परजीवी नाशक दवाई पशु – चिकित्सक की सलाह अनुसार नियमित देते रहें।
- ❖ बरसीम की पहली बिजाई इस माह के अन्तिम सप्ताह में शुरू करें। बरसीम के बीज को राईजोबियम कल्चर से उपचारित करने पर अधिक हरा चारा प्राप्त किया जा सकता है।

## सब्जियों की खेती

- ❖ शिमला मिर्च की रोपाई पौध के 30 दिन के होने पर 50 - 60 x 40 सेंटीमीटर की दुरी पर करें।
- ❖ पत्तागोभी की रोपाई माह के अंतिम सप्ताह से शुरु की जा सकती है।
- ❖ वर्षा समाप्त होते ही इस माह हरी पत्ती के लिए धनिया की प्रजाति पन्त हरीतिमा या आजाद धनिया-1 की बोआई प्रारम्भ कर सकते है।
- ❖ कद्दूवर्गीय सब्जियों मे मचान बनाकर उस पर बेल चढ़ाने से उपज बड़ जाती है।
- ❖ मेथी की अगेती फसल के लिए 15 सितम्बर से बोआई कर सकते हैं।
- ❖ अगेती बोआई के लिए आलू की कुफरी अशोका व कुफरी चन्द्रमुखी किस्मे अच्छी हैं।

## फलों की खेती

- ❖ आम, अमरुद, बेर, आँवला, नीबू आदि के बागो की जुताई, निराई-गुड़ाई करें।
- ❖ आम में गमोसिस रोग की रोकथाम हेतु भूमि में खाद की तरह कॉपर सल्फेट 250 ग्राम, जिंक सल्फेट 250 ग्राम, बोरेक्स 125 ग्राम बुझा चूना 100 ग्राम (दस वर्ष या अधिक उम्र के पौधो हेतु ) प्रति वृक्ष की दर से मिलाकर हल्की सिंचाई कर दें।
- ❖ आवला में फल सडन रोग की रोकथाम के लिए कॉपर आक्सीक्लोराइड 3 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिडकाव करें।

| सहयोग | | | |
|---|---|---|---|
| **नाम** | **पदनाम** | **विषय** | **मो0न0** |
| **श्री आशीष कुमार सिंह** | प्रक्षेत्र प्रबंधक | अनुवाशिकी एवं पादप प्रजनन | **07752941868** |
| **श्री जितेन्द्र कुमार सिहं** | कार्यक्रम सहायक | पौध संरक्षण | **08887725608** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (प्रयोगशाला तकनीकी) | | |
| श्री शुभम पाण्डेय | सहायक | - | 08317019891 |

| सह-सम्पादक मंडल | | | |
|---|---|---|---|
| डा0 विवेक प्रताप सिंह | विषय वस्तु विशेषज्ञ | पशुपालन | 07651922058 |
| डा0 अजीत कुमार श्रीवास्तव | विषय वस्तु विशेषज्ञ | उद्यान | 08787264166 |
| डा0 राहुल कुमार सिंह | विषय वस्तु विशेषज्ञ | कृषि प्रसार | 07007275688 |
| डा0 संदीप प्रकाश उपाध्याय | विषय वस्तु विशेषज्ञ | मृदा विज्ञान | 09621437547 |
| श्री अवनीश कुमार सिंह | विषय वस्तु विशेषज्ञ | सस्य विज्ञान | 09792099943 |
| श्रीमती श्वेता सिंह | विषय वस्तु विशेषज्ञ | गृह विज्ञान | 09453158193 |

| संकलन एवं सहयोग | | | |
|---|---|---|---|
| **नाम** | **पदनाम** | **विषय** | **मो0न0** |
| श्री गौरव कुमार सिंह | कार्यक्रम सहायक (कम्प्यूटर) | कम्प्यूटर | 07651922058 |

| सम्पादक |
|---|
| डा0 संदीप कुमार सिंह |
| (वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष) |
| महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र,चौकमाफी, पीपीगंज, गोरखपुर(उ०प्र०) |
| Mob no. 09453721026; Email – gorakhpurkvk2@gmail.com |
| website -http://www.mgkvk.in/ |